झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग,

कालीनगर, चायबगान, नामकोम, राँची–834010.

e-mail- jharkhand_ssc@rediffmail.com

रिम्स, राँची अन्तर्गत तृतीय श्रेणी के पदों पर नियुक्ति हेतु प्रतियोगिता परीक्षा–2022 (नियमित भर्त्ती)

विज्ञापन संख्या–19/2022

दिनांक –07.10.2022

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अन्तर्गत राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स), राँची में तृतीय श्रेणी के पदों की रिक्तियों के विरूद्ध नियुक्ति के लिए भारत के नागरिकों से विहित प्रपत्र में ''**रिम्स, राँची अन्तर्गत तृतीय श्रेणी के पदों पर नियुक्ति हेतु प्रतियोगिता परीक्षा–2022 (नियमित भर्त्ती)**'' के लिए ऑनलाईन (Online) आवेदन दिनांक–01.11.2022 से दिनांक–29.11.2022 की मध्य रात्रि तक आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन संबंधी विस्तृत विवरणिका आयोग के वेबसाईट–www.jssc.nic.in पर उपलब्ध है।

अभ्यर्थी विवरणिका में अंकित अर्हतानुसार एवं शैक्षणिक योग्यता तथा निर्धारित आयु सीमा के अन्तर्गत ऑन–लाईन आवेदन दे सकते हैं। आवेदन पत्र आयोग के वेबसाईट–www.jssc.nic.in पर लॉग–ईन करके समर्पित किया जा सकता है।

दिनांक–02.12.2022 की मध्य रात्रि तक परीक्षा शुल्क भुगतान तथा फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड कर आवेदन पत्र का प्रिंटआउट लेने के लिए दिनांक–05.12.2022 की मध्य रात्रि तक लिंक उपलब्ध रहेगा। दिनांक–07.12.2022 से दिनांक–09.12.2022 के मध्य रात्रि तक ऑनलाईन आवेदन पत्र में अभ्यर्थी का नाम, जन्म तिथि, ई–मेल आई०डी० एवं मोबाईल संख्या को छोड़कर किसी भी अशुद्ध प्रविष्टि को संशोधित करने के लिए पुनः लिंक उपलब्ध करायी जायेगी।

रिक्तियों की संख्या एवं अन्य सूचना तत्सम्बन्धी विवरणिका में अंकित है।

ह०/–

परीक्षा नियंत्रक।